आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार।

दिनांकः 06.11.2024 समय : 09:00 ए.एम.

000000

- जल प्रबंधन और संरक्षण के बारे में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से देशभर के 20 आकांक्षी जिलों और खंडो में आज से जल उत्सव का आयोजन–हनुमानगढ का संगरिया ब्लॉक भी शामिल।
- प्रदेशभर में चिकित्सा सुविधाओं को मजबूत बनाने के लिए सभी जिलों की की जायेगी रैंकिंग –नए सिरे से मानक तैयार किए जाएंगे।
- राज्य में उपचुनाव वाले विधानसभा क्षेत्रो में संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर निर्वाचन विभाग का रहेगा विशेष फोकस।
- प्रदेश में रात के तापमान में कमी आने के साथ ही सर्दी के असर में और बढोतरी।

00000

नीति आयोग जल प्रबंधन और संरक्षण के बारे में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से आज से 15 दिन का जल उत्सव शुरू कर रहा है। यह अभियान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस विचार से प्रेरित है कि नदी उत्सव की तर्ज पर जल उत्सव भी मनाया जाना चाहिए। श्री मोदी ने पिछले साल दिसंबर में आयोजित तीसरे सचिव सम्मेलन में यह बात कही थी। नीति आयोग ने कहा कि जल उत्सव 20 आकांक्षी जिलों और खंडों में मनाया जा रहा है। यह आयोजन राष्ट्रीय जल जीवन मिशन, पेयजल और स्वच्छता विभाग तथा जल शक्ति मंत्रालय के सहयोग से किया जा रहा है। बीस राज्यों में चलाए जाने वाले इस अभियान में जल संसाधनों के संरक्षण और सुरक्षा में सामुदायिक सहभागिता पर जोर दिया जाएगा। यह अभियान जल बंधन के साथ शुरू होगा। जल बंधन अनुष्ठान में जानी–मानी हस्तियां और स्थानीय नेता जल स्रोतों पर पवित्र धागा बांधेंगे। वे अपने खंडों और जिलों में जल संपदा का तथ्य पत्र भी जारी करेंगे। देशभर से चयनित आशान्वित ब्लॉक की सूची में हनुमानगढ़ का संगरिया भी शामिल है। हमारी संवाददाता ने बताया कि उपखण्ड के बोलांवाली गांव में जल उत्सव आयोजित किया जा रहा है।

00000

प्रदेशभर में चिकित्सा और स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत बनाने के लिए सभी जिलों की रैंकिंग की जाएगी। इसके लिए नए सिरे से मानक तैयार किए जाएंगे। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने कल स्वास्थ्य भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में इस सम्बन्ध में निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिलों को विभिन्न योजनाओं और स्वास्थ्य कार्यक्रमों के आधार पर निर्धारित मानकों की पालना सुनिश्चित करनी होगी। प्रदर्शन औसत स्तर से नीचे होने पर संबंधित अधिकारी और कार्मिक की जिम्मेदारी तय की जाएगी। श्रीमती राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना का प्रभावी क्रियान्वयन करते हुए ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस योजना से जोडा जाना चाहिए। प्रमुख शासन सचिव ने आयुष्मान कार्ड वितरण के शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने और नियमित रूप से आयुष्मान आरोग्य शिविर लगाने के भी निर्देश दिए। श्रीमती राठौड़ ने बजट घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को हर विधानसभा क्षेत्र में मॉडल सीएचसी की घोषणा को मूर्तरूप देने के लिए मिशन मोड में कदम उठाने को कहा। बैठक में मौसमी बीमारियों की भी समीक्षा की गई। चिकित्सा अधिकारियों को मौसमी बीमारियों के मामले में सतर्कता बरतने तथा जांच और उपचार की माकुल व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिए गए।

00000

राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इस्वेस्टमेंट समिट से पहले आज जयपुर में शिक्षा विभाग, कौशल और उद्यमिता विभाग और खेल तथा युवा मामलात विभाग की ओर से एजुकेशन प्री–समिट आयोजित की जायेगी। इस समिट में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, उद्योग और वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ और शिक्षा मंत्री मदन दिलावर मौजूद रहेंगे। समिट में मुख्य रूप से शिक्षा क्षेत्र में नवाचार और निवेश और डिजिटल तकनीकों के उपयोग पर चर्चा की जाएगी। इस बीच प्रदेश में निवेशकों को आमंत्रित करने के लिए सऊदी अरब गये राज्य सरकार के प्रतिनिधि मंडल ने कल विभिन्न कंपनियों से मुलाकात की। इससे पहले

प्रतिनिधि मंडल ने 'राइजिंग राजस्थान' सऊदी अरब इन्वेस्टर मीट में भी भाग लिया था। उद्योग और वाणिज्य राज्यमंत्री के.के. विश्नोई के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल ने निवेशकों और व्यापारिक जगत के अधिकारियों से राजस्थान में निवेश की संभावनाएँ तलाशने तथा व्यापार के नए अवसर बनाने का आग्रह किया।

0000

राज्य में उपचुनाव वाले विधानसभा क्षेत्रो में संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर निर्वाचन विभाग का विशेष फोकस रहेगा। चुनाव आयोग के उप निर्वाचन आयुक्त संजय कुमार और राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने कल सातों विधानसभा क्षेत्रों के जिला निर्वाचन अधिकारियों और पुलिस अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बैठक कर चुनाव तैयारियों की समीक्षा की। श्री महाजन ने बताया कि मतदान केन्द्रों से वेबकास्टिंग पर निर्वाचन विभाग विशेष ध्यान रखेगा ताकि मतदान प्रक्रिया में किसी भी तरह की रुकावट का तुरंत समाधान किया जा सके। उन्होंने बताया कि सभी विधानसभा क्षेत्रों में 10–10 आदर्श मतदान केन्द्र तैयार किए जाएंगे। इन 'इको–फ्रेंडली' मतदान केन्द्रों में प्लास्टिक से बनी किसी भी वस्तु का उपयोग नहीं किया जायेगा। इस बीच उपचुनाव के लिए प्रत्याशियों ने प्रचार में ओर तेजी ला दी है। विभिन्न राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेता अपने पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में सभाएं कर रहे है। इसी कडी में केन्द्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल आज खींवसर सीट से भाजपा प्रत्याशी रेवंत राम डांगा के समर्थन में पाचौडी, खींवसर और संखवास में जनसंपर्क कार्यक्रम और एससी, एसटी सम्मेलन में भाग लेंगे। इससे पहले नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कल रामगढ से पार्टी प्रत्याशी आर्यन जुबेर के समर्थन में नसवारी गांव में जनसंपर्क किया। श्री जूली आज भी कई कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

00000

राज्य में विधानसभा उपचुनाव के लिए पात्र दिव्यांग और 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं के लिए चल रही होम वोटिंग के तहत दूसरे दिन 712 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। दौसा विधानसभा क्षेत्र को छोडकर शेष 6 विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं ने इस सुविधा का लाभ उठाया। दौसा में आज से होम वोटिंग का पहला चरण शुरू हो रहा है।

0000

प्रदेश में रात के तापमान में धीरे धीरे कमी आ रही है। इससे सर्दी का असर बढ रहा है। पिछले 24 घंटों में कई शहरों का रात का पारा 17 डिग्री और इसके आस–पास दर्ज किया गया। प्रदेश के एक मात्र पर्वतीय पर्यटन स्थल माउंट आबू में न्यूनतम तापमान 11 डिग्री के करीब रिकॉर्ड किया गया। हमारे संवाददाता ने बताया कि सर्दी के बढने के साथ ही सैलानी यहां के मौसम का आनंद भी ले रहे है।

......

इस बीच प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में प्रवासी परिंदे सर्दी की दस्तक के साथ ही अपने घंरोंदे बना रहे है। भरतपुर के केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में दूर दराज से पक्षी पहुंच रहे हे। हमारे संवाददाता ने बताया कि इन पक्षियों को देखने आने वाले पर्यटकों के लिए उद्यान में सुविधाओं को बढाया गया है।

.....

00000

रणथंभौर टाइगर रिजर्व में हाल ही में बाघ टी 86 की मौत के बाद वन विभाग की ओर से कड़े कदम उठाए जा रहे हैं। रणथंभोर के मुख्य वन संरक्षक अनूप के आर ने बताया कि  बाघ की हत्या के मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पिछले करीब 4 साल से लापता बाघ और बाघिन को लेकर कमेटी का गठन किया गया है । ये कमेटी किसी भी अधिकारी और कर्मचारी की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही के प्रस्ताव पेश करेगी। कमेटी की रिपोर्ट और सुझाव के आधार पर रणथंभोर की व्यवस्थाओं की कमियों को दूर करने के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे।

**00000**